instruments through which a few people control economic power, the funds of the second company are then utilised to gain control over a third company and this process continues; and

(c) whether Government are also aware of the practice of companies borrowing huge amounts from financial institutions and banks on the one hand and lending the funds to other people indirectly connected with the companies directors?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI SHANTI BHUSHAN): (a) and (b). The Government is aware that inter-corporate investment is an important instrument for gaining corporate control. Any proposal for purchase of controlling interest in any other company by registered/registerable undertakings under the MRTP Act, 1969 would require prior approval of the Central Government under sub-section (4) of Section 23 of that Act. In certain cases, such proposals may also require approval of the Central Government under Sections 108A and 372(4) of the Companies Act, 1956. Each case is considered on its merits in the light of the guiding principles contained in Section 28 of the MRTP Act, the Industrial Policy of the Government and other relevant considerations.

(c) Under Section 295 of the Companies Act, 1956 the prior approval of the Central Government is required in cases where public limited companies and the subsidiaries of such companies other than the Banking Companies, are to grant loan or to give guarantee or provide any security to any director, partner or relative of a director or firm in which such director or his relative is a partner and certain private companies and bodies corporate in which any director has any specified interest. The Government also ensures that the loan is granted only when the company has sufficient internally generated funds.

### आकाशवाणी तथा दूरदर्शन क लिए न्यास की स्थापना करना

64. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री आकाशवाणी तथा दूरदर्शन के लिए न्यास के बारे में तारांकित प्रश्न संख्या 54, दिनांक 22 नवम्बर, 1978 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) क्या सरकार का विचार 1 अप्रैल से आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए न्यास का गठन करने का है;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में विलम्ब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का इस न्यास की स्थापना से पूर्व कार्यक्रम तैयार करने वाले अधिकारियों का एक संवर्ग बनाने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) और (ख) : आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए स्वायत्तता सम्बन्धी कार्य दल की दोनों संगठनों के भावी ढांचे के बारे में सिफारिशों की विस्तृत जांच की जा रही है। इस सम्बन्ध में एक विधेयक संसद में इसके चालू सत्र के दौरान पेश किए जाने की सम्भावना है। नये ढांचे को स्थापित करने की तारीख का निर्णय विधेयक के कानून में अधिनियमित हो जाने के बाद लिया जाएगा।

(ग) : जी, नहीं।

(घ) : प्रश्न नहीं उठता।

### आपातस्थिति के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों की बहाली

65. श्री टी० एल० मंगी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री आकाशवाणी और दूरदर्शन के राजपत्रित अधिकारियों को समय से पूर्व सेवा निवृत्त किये जाने के बारे में 6 दिसम्बर, 1978 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2456 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उपयुक्त प्रश्न में उल्लिखित राजपत्रित अधिकारियों को आपात स्थिति के दौरान ही बहाल कर दिया गया था;

(ख) इस समय ये अधिकारी किन किन पदों पर कार्य कर रहे हैं;

(ग) क्या इनमें से किसी अधिकारी को अधिलंबित किया गया है;

(घ) यदि हां, तो अधिलंबिन के क्या कारण है; और

(ङ) क्या कोई अधिकारी किसी ऐसे पद पर कार्य कर रहा है जहां उसे किसी वाणिज्यक अथवा व्यापारिक संस्था सें व्यवहार करना होता है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी)**: (क) आपातस्थिति के दौरान केवल एक ही अधिकारी 6 दिसम्बर, 1978 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2456 के उत्तर के साथ लंबे विवरण में क्रम सख्या 7 पर उल्लिखित श्री बी०एस० कुमार को बहाल किया गया था। बाकी के छः अधिकारियों को आपातस्थिति के बाद बहाल किया गया है।

(ख) (1) श्री बी० एस० कुमार उप निदेशक (सम्पर्क) के पद में कार्य कर रहे हैं। (2) श्री सी० डी० वर्मा, प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव, आकाशवाणी, लखनऊ का 17-8-1978 को देहान्त हो गया। (3) श्रीमती एम० आर० वेंकटरामन, आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली में निदेशक, कर्मचारी प्रशिक्षण संस्थान (कार्यक्रम) के रूप में कार्य कर रही हैं। (4) श्री एम० एम०एए० बैग 'सरोश' को अभी हाल ही में बहाल किया गया है। उनकी तैनाती का प्रश्न विचाराधीन है। (5) श्री गुलाम मोहिउद्दीन रेडियो काश्मीर, जम्मू में सहायक इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे हैं। (6) श्री एम० एफ० फर्नाडीस, आकाशवाणी, पणजी में सहायक इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे हैं। (7) श्री एम० एम० गुप्त, आकाशवाणी, रांची में सहायक केन्द्र इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

(ग) और (घ). जी, हां। श्री बी० एस० कुमार और श्री गुलाम मोहिउद्दीन को क्रमशः केन्द्र निदेशक (सलेक्शन ग्रेड) और सहायक केन्द्र इंजीनियर के संवर्गों में पदोन्नति के उनके मामले में विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा अधिलंबित किया गया था जिसने उनको क्रमशः जून, 1978 और फरवरी, 1978 में उपयुक्त नहीं पाया था।

(ङ) जी, हां। श्री बी० एस० कुमार, जो उप निदेशक (सम्पर्क) के पद पर कार्य कर रहे हैं, को विज्ञापन प्रसारण सेवा में विज्ञापकों सम्बन्धी कार्य करना होता है। इंजीनियरी अधिकारी, अपने सामान्य कार्यों के अलावा, इंजीनियरी स्टोर के इन्चार्ज भी है।

## मंगोलिया द्वारा भारतीय फिल्मों की खरीद

66. **श्री राम नारायण** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंगोलिया राज्य एजेन्सी के प्रतिनिधि ने यह घोषणा की है कि मंगोलिया सरकार 10 भारतीय फिल्में खरीदेगी ; और

(ख) यदि हां, तो उनके क्या नाम हैं और वे किन-किन भाषाओं की हैं और इसके परिणामस्वरूप भारत सरकार को कितनी आय होगी ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी)**: (क) और (ख) मंगोलिया राज्य एजेंसी के निदेशक और भारत के सातवें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह सें फिल्म बाजार के प्रतिनिधि ने 17 जनवरी, 1979 को भारतीय चलचित्र निर्यात निगम के साथ एक अनन्य करार किया था जिसके अन्तर्गत मंगोलिया अपनी आवश्यकता की भारतीय फिल्में केवल भारतीय चलचित्र निर्यात निगम से ही खरीदेगा। शुरू में, मंगोलिया ने खरीद के लिए हिन्दी की 10 फिल्में चुनी है। ये हैं : (1) अवारा, (2) अनपढ़, (3) जनून, (4) मां, (5) राम और श्याम, (6) अपनापन, (7) हाथी मेरे साथी, (8) पति, पत्नी और वोह, (9) श्री 420 और (10) स्टोन फ्लावर। उक्त फिल्मों के निर्यात से सरकार को लगभग 2,13,000 रुपए की विदेशी मुद्रा की आय होगी।

## Import of Alcohol by Synthetics and Chemicals Limited

67. **SHRI SURENDRA BIKRAM**: Will the Minister of PETROLEUM. CHEMICALS & FERTILIZERS be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 4160 dated 19th December, 1978 regarding alcohol imported by M/s. Synthetics and Chemicals Limited and state why this alcohol was kept in storage tanks till 1974 at Kandla and not shifted to Bareilly due to which heavy charges had to be paid by the company?

THE MINISTER OF PETROLEUM. CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): The imported quantities of alcohol (approx. 10,000 tonnes) remained in the storage tanks at Kandla from January 1973 to July 1974 as M/s. Synthetics and Chemicals Ltd., Bareilly for whom the above quantities were imported failed to move the alcohol to their factory at Bareilly initially due to difficulties in the availability of transport facilities and later due to a strike and consequent closure of their factory from June to August, 1973. The Company was itself responsible for the movement of alcohol from Kandla to Bareilly and for the payment of the charges resulting from their own delay.